अंतर्राष्ट्रीय स्टील स्लैग रोड सम्मेलन

[स्रोत: पी.आई.बी.](#)

हाल ही में [CSIR](#) द्वारा नई दिल्ली में **स्टील स्लैग रोड पर प्रथम अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन** का आयोजन किया गया।

- [नीति आयोग](#) ने **सड़क निर्माण में स्टील स्लैग के उपयोग के लिये दिशा-निर्देश** जारी किये।

स्टील स्लैग रोड प्रौद्योगिकी:

- इस प्रौद्योगिकी में मज़बूत और अधिक टिकाऊ सड़कों के निर्माण के लिये स्टील उत्पादन के दौरान प्राप्त **स्टील स्लैग (धातु अपशिष्ट)** का उपयोग किया जाता है।
- इस प्रक्रिया में प्राप्त स्लैग में से **अशुद्धियाँ और धातु को हटाना** तथा सड़क निर्माण के लिये इसे एक एग्रीगेट के रूप में उपयोग करना शामिल है।
- इस प्रसंस्कृत स्टील स्लैग में **उच्च स्तर की मज़बूती, कठोरता, घर्षण प्रतिरोध, स्किड प्रतिरोध और जल निकासी क्षमता** होती है, जो इसे सड़क निर्माण के लिये उपयुक्त बनाती है। यह **पर्यावरण के अनुकूल** है और साथ ही **लागत प्रभावी** तथा **टिकाऊ** भी है।
- भारत में **निर्माण और रखरखाव परियोजनाओं** के लिये प्रत्येक वर्ष लगभग **1.8 बिलियन टन** नेचुरल एग्रीगेट्स की आवश्यकता होती है। इस मांग को आंशिक रूप से संसाधित स्टील स्लैग एग्रीगेट का उपयोग करके पूरा किया जा सकता है।
- भारत की पहली स्टील स्लैग सड़क का निर्माण **सूरत** में किया गया था।

[//](#)

और पढ़ें: स्टील स्लैग रोड प्रौद्योगिकी, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (CSIR)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/international-conference-on-steel-slag-road